Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 20-12-2004

Participants : Mahajan Smt. Sumitra

>

Title: Need to expand the Indore Railway Station by acquiring land in the adjoining areas.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : अध्यक्ष महोदय, नयी जनगणना के अनुसार वर्तमान में इन्दौर की आबादी करीब 25 लाख के आसपास पहुंच गयी है व वर्तमान में रेलवे के प्रस्थान हेतु जो स्थान उपलब्ध है वह बढ़ी हुयी जनसंख्या तथा भविय की आवश्यकता को देखते हुए अपर्याप्त है। वर्तमान में 18 जोड़ी बड़ी लाइन तथा इतनी ही मीटर गेज की गाड़ियां इन्दौर स्टेशन से चलती हैं। इन्दौर में एन.टी.सी. की तीन मिलें थीं, जो बंद हो गयी हैं तथा इनकी जमीनें बेच कर प्रदेश की दूसरी मिलें चालू करना तथा मजदूरों को भुगतान करने का प्रस्ताव कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया गया है। इनमें से स्वदेशी तथा कल्याण भील की जमीन रेलवे लाइन से लगी हुयी है और इन्दौर के भावी विकास की दृटि से तथा रेलवे स्टेशन का विस्तार, गाड़ियों के रखरखाव की सुविधा का विस्तार, की दृटि से यह उपयुकत है। दोनों ही उपक्रम केन्द्रीय शासन के अधीन होने से रेलवे मंत्रालय को इनका अधिग्रहण करने में सुविधा रहेगी। मेरा रेल मंत्री से अनुरोध है कि इस जमीन को खरीद कर रेलों की विकास की दृटि से योजना बनायी जाये।